हरिभूमि
हिसार-हांसी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 9 अक्टूबर 2026

12 वॉलीबाल में महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की...



12 शोधार्थियों की मांगों पर निर्णय नहीं तो प्रांत स्तर...



खबर संक्षेप

झोटा चुराने का आरोपी धरा, रिमांड पर लिया

नारनौंद। सीआईए नारनौंद ने गामी झोटा चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर जिले के बघरा निवासी मोहम्मद आसिफ के रूप में हुई है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे पांच दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया गया। अपराध शाखा नारनौंद में तैनात मुख्य सिपाही राकेश ने बताया कि थाना नारनौंद में 19 जुलाई को चोरी का मामला दर्ज किया गया था। मामले के अनुसार गांव मिर्चपुर से 16 जुलाई को गामी झोटा चोरी हो गया था। मामले की जांच को आगे बढ़ाते हुए सीआईए नारनौंद की टीम ने आरोपी मोहम्मद आसिफ को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार रिमांड के दौरान आरोपी से चोरी किए गए पशु की बरामदगी व अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी तथा मामले से जुड़े अन्य साक्ष्य जुटाने के संबंध में पूछताछ की जाएगी।

4 किलो डोडा चूरापोस्त सहित आरोपी गिरफ्तार

हिसार। सीआईए टीम ने आजाद नगर बाईपास क्षेत्र से एक आरोपी को 4 किलो 6 ग्राम डोडा चूरा पोस्त सहित गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आजाद नगर थाना में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सीआईए प्रभारी ने बताया कि टीम थाना आजाद नगर क्षेत्र में गश्त पर मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस को सूचना मिली कि एक व्यक्ति नशीला पदार्थ लेकर क्षेत्र में घूम रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को काबू कर लिया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 4 किलो 6 ग्राम डोडा चूरा पोस्त बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी की पहचान हिसार निवासी केवल कुमार के रूप में हुई है।

3 ग्राम 700 मिलीग्राम हेरोइन समेत एक काबू

हिसार। पुलिस ने शांति नगर क्षेत्र से एक आरोपी को 3 ग्राम 700 मिलीग्राम हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। शहर की 12 क्वार्टर चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि सहायक उप निरीक्षक चांदवीर पुलिस टीम के साथ अपराध पड़ताल एवं नशाखोरी की रोकथाम के संबंध में शांति नगर क्षेत्र में मौजूद थे। इसी दौरान पुलिस टीम को नशे के संबंध में सूचना मिली। सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने शांति नगर में रह रहे जींद जिले के अशरफगढ़ निवासी सुमित उर्फ मोनू को काबू किया।

दो कारों के काटे 10-10 हजार रुपये के चालान

हिसार। वाहनों के शीशों पर निर्धारित मानकों के विपरीत ब्लैक फिल्म लगाकर यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्ती बढ़ा दी है। यातायात पुलिस ने शहर में अलग-अलग स्थानों पर दो कारों पर मानकों के विपरीत ब्लैक फिल्म लगी मिलने पर 10-10 हजार रुपये के चालान किए। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है।

हिसार से जल्द शुरू होंगी अहमदाबाद और जम्मू की उड़ानें

पत्रकारों से रूबरू हुए डीसी, बोले- दोनों जगह के लिए उड़ान शुरू करने की प्रक्रिया अंतिम चरण में

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से जल्द ही अहमदाबाद और जम्मू के लिए भी उड़ानें शुरू करने की तैयारी है। उड़ान शुरू करने की संबंधित प्रक्रिया फाइनल स्टेज पर है। दोनों स्थानों के लिए फ्लाइट कभी भी शुरू हो सकती है। यह बात डीसी महेंद्र पाल ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कही। उन्होंने कहा कि हिसार एयरपोर्ट से विभिन्न स्थानों के लिए हवाई सेवाएं शुरू होने के बाद यात्रियों को हवाई सफर की सुविधा मिल रही है। उड़ान योजना के तहत अब तक करीब 15 हजार यात्री हवाई यात्रा कर चुके हैं। महाराजा अग्रसेन हवाई अड्डे से हवाई सेवाओं का विस्तार होने पर हिसार की दूसरे शहरों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी। अहमदाबाद और जम्मू के लिए उड़ानें शुरू होने से यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प मिल सकेंगे। डीसी ने बताया कि हिसार को औद्योगिक केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए इंटीग्रेटेड मैन्युफैक्चरिंग क्लस्टर की स्थापना पर तेजी से काम चल रहा है। इस क्लस्टर के शुरू होने से क्षेत्र में नए व्यवसाय, निवेश और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर पैदा होंगे।

मंडियों में एचसीएस अधिकारियों की तैनाती

किसानों को मंडी में फसल बेचने में कोई असुविधा न हो, इसके लिए प्रत्येक मंडी में एचसीएस एवं वरिष्ठ अधिकारियों को निगरानी का जिम्मा सौंपा गया है। जिले की मंडियों में अब तक 9,365 मीट्रिक टन धान तथा 3,544 मीट्रिक टन बाजरा खरीदा जा चुका है। बाजरे का मूल्य 2,900 रुपये प्रति क्विंटल सुनिश्चित किया जा रहा है, जिसमें 600 रुपये प्रति क्विंटल का लाभ भावान्तर भरपाई योजना के तहत सीधा किसानों को मिलेगा।



पत्रकारों से बातचीत करते हुए उपायुक्त महेंद्र पाल।

इधर, किसानों के लिए खाद का पर्याप्त स्टॉक

उपायुक्त महेंद्र पाल ने बताया कि जिले में किसानों को यूरिया और डीएपी खाद उपलब्ध करवाने के लिए भी पुख्ता बंदोबस्त किए गए हैं। आंकड़ों की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि खरीफ सीजन के लिए 1 लाख 10 हजार मीट्रिक टन यूरिया की डिमांड की गई थी, जिसमें अभी तक 1 लाख 213 मीट्रिक टन यूरिया जिले को उपलब्ध हुई थी, जिसमें से 82386 मीट्रिक टन आवंटित की जा चुकी है और 19627 मीट्रिक टन स्टॉक में उपलब्ध है। इसी प्रकार खरीफ सीजन के लिए 30 हजार मीट्रिक टन डीएपी की डिमांड की गई थी, जिसमें से जिले को 24 हजार 276 मीट्रिक टन डीएपी मिल चुकी है। इसमें से 21 हजार 501 मीट्रिक टन आवंटित की जा चुकी है और 2775 मीट्रिक टन स्टॉक में उपलब्ध है। खरीफ सीजन के लिए 10 हजार मीट्रिक टन एनपीके की डिमांड की गई थी, जिसमें से जिले को 3 हजार 624 मीट्रिक टन डीएपी मिल चुकी है। इसमें से 1 हजार 728 मीट्रिक टन आवंटित की जा चुकी है और 1896 मीट्रिक टन स्टॉक में उपलब्ध है। इस मौके पर सीएमजीओए अमोल भी उपस्थित रहे।

मॉडल टाउन की घटना, सीसीटीवी फुटेज में घर में घुसते व निकलते दिखे युवक

रात को घर में घुसे तीन युवक, सुबह मृत मिली वृद्धा; फर्श पर बिखरा था खून

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

हर के मॉडल टाउन स्थित एक मकान 75 वर्षीय संतोष गिरधर की संदिग्ध हालात में मौत का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह महिला का शव घर के अंदर मंदिर के सामने फर्श पर पड़ा मिला। फर्श पर खून बिखरा हुआ था और शरीर का अधिकांश हिस्सा काला पड़ा हुआ था। कमरे में अलमारी खुली मिली, जबकि एक सूटकेस भी नीचे पड़ा था। वहीं घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में मंगलवार रात करीब नौ बजे तीन युवक घर के अंदर दाखिल होते और करीब दो घंटे बाद बाहर निकलते दिखाई दे रहे हैं। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। सूचना मिलने पर अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी विकास कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। सीन ऑफ क्राइम की टीम ने भी घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए। बाद में शव को मेडिकल कॉलेज अग्रोहा ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम के दौरान शरीर पर चोट के कोई स्पष्ट निशान नहीं मिले। विसरा जांच के लिए नमूना लैब भेजा जाएगा। पुलिस का कहना है कि जांच रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो पाएंगे।



हिसार। सीसीटीवी में कैद संदिग्ध युवक। *फोटो: हरिभूमि*

युवकों की पहचान में जुटी पुलिस

पुलिस के अनुसार घर के सामने लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में मंगलवार रात करीब 9 बजकर 8 मिनट पर एक युवक गेट खोलकर घर के अंदर जाता दिखाई दे रहा है। कुछ देर बाद दो अन्य युवक भी घर में दाखिल होते दिखाई देते हैं। करीब दो घंटे बाद तीनों युवक घर से बाहर निकलते नजर आए। पुलिस ने फुटेज को कब्जे में लेकर युवकों की पहचान और उनकी गतिविधियों की जांच शुरू कर दी है।

दो दिन से नहीं दिखी तो पहुंचे पड़ोसी

मृतका के रिश्ते में देवर लगने वाले मनोज गिरधर ने बताया कि संतोष के पति कृष्ण गिरधर आईटीआई से सेवानिवृत्त थे और करीब 15 वर्ष पहले उनका निधन हो गया था। उनकी बेटी और बेटे राहुल गिरधर की भी बीमारी के चलते मौत हो चुकी है। इसके बाद संतोष घर में अकेली रहती थी। उन्होंने बताया कि संतोष का भाई केशव चंडीगढ़ में रहता है। मनोज के अनुसार मंगलवार रात करीब नौ बजे संतोष ने अपने भाई केशव से फोन पर बात की थी। इसके बाद दो दिन तक लगातार फोन करने के बावजूद संतोष ने फोन नहीं उठाया। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे तो संतोष घर के अंदर मंदिर के सामने फर्श पर पड़ी मिली। उसके सिर से खून बह रहा था और अलमारी खुली हुई थी। भाई के आने के बाद अलमारी और अन्य सामान की जांच की जाएगी। पड़ोस की महिलाओं ने बताया कि संतोष मिलनसार स्वभाव की थी। 75 वर्ष की उम्र में भी वह सुबह-शाम मंदिर में पूजा-अर्चना करने जाती थी। मंगलवार शाम मंदिर आने के बाद से वह दिखाई नहीं दी। बुधवार सुबह और शाम भी वह मंदिर नहीं पहुंची। गुरुवार सुबह भी जब वह मंदिर जाती नहीं दिखी तो पड़ोसियों को शक हुआ। घर के अंदर जाकर देखा तो संतोष फर्श पर मृत पड़ी थी। इसके बाद पड़ोसियों ने पुलिस को सूचना दी।

चोट के निशान नहीं मिले : थाना प्रभारी

अर्बन एस्टेट थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम चिकित्सकों के बोर्ड से करवाया गया है। पोस्टमार्टम के दौरान चोट के निशान नहीं मिले हैं। विसरा जांच के लिए नमूना भेजा जाएगा। मृतका के भाई केशव ने पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगामी कार्रवाई के लिए बयान दिए हैं। पुलिस सीसीटीवी फुटेज सहित हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

रेलूराम पूनिया हत्याकांड

सोनिया व संजीव की रिहाई याचिका पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार/नई दिल्ली

पूर्व विधायक रेलूराम पूनिया और उनके परिवार के 8 सदस्यों की नृशंस हत्या में दोषी सोनिया और उसके पति संजीव कुमार की समयपूर्व रिहाई को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई है। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। पीड़ित परिवार ने पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी है, जिसमें दोषियों की समयपूर्व रिहाई पर पुनर्विचार करने और उन्हें अंतरिम जमानत देने के निर्देश दिए गए थे।

पीड़ित पक्ष के अधिवक्ता आइना वर्मा खोवाल व लाल बहादुर खोवाल ने कोर्ट के समक्ष दोषियों के अपराध की भयावहता और जेल रिकॉर्ड से जुड़े कई अहम बिंदु रखे। उन्होंने बताया कि यह मामला वर्ष 2001 का है, जब एक ही परिवार के 8 लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी गई थी। मृतकों में तीन नाबालिग बच्चे शामिल थे, जिनमें एक बच्ची की उम्र महज डेढ़ माह थी। केवल लंबे समय तक

सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर की तल्ख टिप्पणी

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता ने मृत्युदंड को आजीवन कारावास में बदलने और उसके बाद दोषियों की रिहाई को लेकर बेहद तल्ख टिप्पणी की। जस्टिस दत्ता ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के क्षमाशील रवैये के कारण आज देश में अपराधों की यह स्थिति बन रही है। इस क्षमाशील रवैये की भी कहीं न कहीं सीमा तय होनी चाहिए। जिन अपराधों को 'रेयरेस्ट ऑफ द रेयर' माना जाता था, उनकी स्थिति पर अब गंभीरता से विचार करने की आवश्यकता है।

कारावास में रहने या हालिया कुछ वर्षों के आचरण के आधार पर रिहाई का अधिकार स्वतः नहीं बनता। दोषी के संपूर्ण आचरण, जेल में अनुशासन और समाज व पीड़ित परिवार पर पड़ने वाले प्रभाव का समग्र आकलन जरूरी है। सोनिया और संजीव को निचली अदालत से मृत्युदंड मिला था, जिसे वर्ष 2014 में सुप्रीम कोर्ट ने दया याचिका के निस्तारण में हुई देरी के आधार पर आजीवन कारावास में बदल दिया था। अब सभी पक्षों की नजरें सुप्रीम कोर्ट के आने वाले फैसले पर टिकी हैं।

हांसी में आधी रात को कार में नकदी से भरे बैग मिले, 15649500 रुपये बरामद

तीनों कार सवार कैश के स्रोत का नहीं दे सके संतोषजनक जवाब

हरिभूमि न्यूज ⏭हांसी

क्षेत्र में मध्यरात्रि जींद रोड पर की गई विशेष नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने एक कार से 1 करोड़ 56 लाख 49 हजार 500 रुपये की नकदी बरामद की है। कार में सवार तीन व्यक्ति नकदी के स्रोत के संबंध में कोई संतोषजनक जवाब नहीं दे सके और न ही उससे संबंधित आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर पाए। पुलिस ने नकदी के स्रोत की जांच के लिए आयकर अन्वेषण निदेशालय, रोहतक को पत्र भेजा है।

इंस्पेक्टर सुनीता ने बताया कि बुधवार रात्रि जींद रोड, हांसी पर विशेष नाकाबंदी की जा रही थी। इसी दौरान जींद बाइपास की तरफ से सफेद रंग की एक कार आती दिखाई दी। नाके पर तैनात पुलिस टीम ने कार को रुकवाकर जांच की। नाका प्रभारी इंस्पेक्टर सुनीता के नेतृत्व में कार की तलाशी ली गई। नाकाबंदी की निगरानी डीएसपी दिनेश कुमार कर रहे थे।



तलाशी के दौरान कार में रखे दो बैगों से भारतीय करेंसी के कुल एक करोड़ 56 लाख 49 हजार 500 रुपये बरामद हुए। कार में सवार व्यक्तियों की पहचान सिरसा निवासी मोहित व सुरेन्द्र तथा फतेहाबाद निवासी साहब सिंह के रूप में हुई। पुलिस चौकी अनाज मंडी प्रभारी उप निरीक्षक अनिल कुमार ने कार्रवाई करते हुए तीनों व्यक्तियों से बरामद नकदी के संबंध में पूछताछ की, लेकिन वे नकदी के स्रोत के बारे में संतोषजनक जवाब नहीं दे सके। इसके बाद नकदी के स्रोत और उससे संबंधित तथ्यों की जांच के लिए आयकर अन्वेषण निदेशालय, रोहतक को पत्र भेजा गया है। पुलिस के अनुसार बरामद नकदी और कार को भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 106 के तहत हांसी शहर थाना के मालखाने में जमा करवाया गया है। बरामद नकदी को जिला ट्रेजरी, हांसी में जमा करवाने की प्रक्रिया की जा रही है।

मतदाताओं के अधिकारों को लेकर प्रदर्शन

इंडिया गठबंधन वर्कर्स ने सिर पर काली पट्टी बांध निकाला रोष मार्च

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

भारतीय लोकतंत्र, संविधान, मतदाता अधिकारों और निष्पक्ष चुनाव व्यवस्था की रक्षा की मांग पर इंडिया गठबंधन ने प्रदर्शन किया। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर 8 अक्टूबर को भारतीय लोकतंत्र के लिए काला दिवस के रूप में मनाते हुए कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के हजारों कार्यकर्ता क्रांति मान पार्क में एकत्रित हुए। यहां से कार्यकर्ताओं ने नागोरी गेट तक रोष मार्च निकाला। प्रदर्शन के दौरान चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता, मतदाता सूचियों में पात्र नागरिकों के नाम बहाल करने और लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वतंत्रता सुनिश्चित करने की मांग उठाई गई।

प्रदर्शन का नेतृत्व विधायक देवेंद्र हंस ने किया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता सीपीआई (एम) की शंकुतला जाखड़, जिला कांग्रेस अध्यक्ष बृज लाल बहबलपुरिया और सीपीआई नेता रूपसिंह ने की। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश संदलाना ने भी प्रदर्शन को संबोधित किया।



वोट की ताकत से बड़ी कोई सत्ता नहीं

विधायक देवेंद्र हंस ने कहा कि भाजपा सरकार विपक्ष की आवाज दबाने के बजाय लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करे। चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर उठ रहे सवालों का जवाब देना सरकार और संबंधित संवैधानिक संस्थाओं की जिम्मेदारी है। शंकुतला जाखड़ ने कहा कि लोकतंत्र केवल चुनाव कराने तक सीमित नहीं है। प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में सुरक्षित होना चाहिए और उसे बिना किसी भेदभाव के मतदान का अधिकार मिलना चाहिए।

बैरिकेड से नहीं रुकेगी लोकतंत्र की आवाज

बृज लाल बहबलपुरिया ने दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, प्रियंका गांधी और इंडिया गठबंधन के नेताओं को चुनाव आयोग से जवाबदेही की मांग को लेकर मार्च करने से रोकने और पुलिस कार्रवाई की निंदा की। उन्होंने कहा कि जनता के सवालों का जवाब पुलिस कार्रवाई या बैरिकेड से नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक संवाद से दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी सरकार और अमित शाह के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार को संवैधानिक संस्थाओं की स्वतंत्रता और लोकतांत्रिक मर्यादाओं का सम्मान करना चाहिए।

प्रदर्शन में ये रहे उपस्थित

प्रदर्शन में उकलाना विधायक नरेश सेलवाल, नारनौंद विधायक जस्सी पेटवाड़, अनिल मान, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य राजेश संदलाना, एमएल सहगल, सीपीआई राज्य कमेटी सदस्य दिनेश सिवाच, रोहतास राजली, नौजवान सभा के राज्य अध्यक्ष मुकेश कुमार, एसएफआई राज्य सचिव सुखदेव बूरा, किसान नेता शमशेर नंबरदार, सतबीर धायल, कपूर बगला, सरबत सिंह पूनिया, सीटू नेता अनीता, सरबजीत कौर, नागरिक मंच के नेता अनिल शर्मा, अनु सूरा, नरेश गोयल, जिला पार्षद आशीष कुकी, भूपेंद्र गंगवा, सुतारदीन मिर्जा, बलराज मलिक, हनुमान ऐरन, दिलबाग हुड्डा, रोहित दलाल आदि मौजूद रहे।

लंबे अंतराल के बाद बन रहा बेहद दुर्लभ और शुभ त्रिग्रही योग

हाथी पर आएंगी मां दुर्गा, घोड़े पर करेंगी प्रस्थान

हाथी सुख-समृद्धि, शांति और धन-धान्य का प्रतीक, जबकि माता का प्रस्थान घोड़े पर होना समाज में बदलाव और हलचल का संकेत

हरिभूमि न्यूज ⏭हिसार

इस बार शारदीय नवरात्रि 11 अक्टूबर रविवार से शुरू हो रहे हैं। आश्विन मास के कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा तिथि, चित्रा नक्षत्र और वैधृति योग में इस महापर्व का शुभारंभ होगा। नवरात्रि 11 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 19 अक्टूबर तक चलेंगे। 20 अक्टूबर को दशहरा मनाया जाएगा। ऋषि नगर स्थित विश्वकर्मा मंदिर के पुजारी, ज्योतिषाचार्य एवं राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा के पूर्व प्रधान आचार्य राममेहर शास्त्री के अनुसार, इस बार नवरात्रि में कई वर्षों के लंबे अंतराल बाद बेहद दुर्लभ व शुभ त्रिग्रही योग बन रहा है।

जानें...घट स्थापना का शुभ मुहूर्त

पंचांग के अनुसार द्वादश भाव में शुक्र ग्रह अपनी स्वराशि तुला में चंद्रमा और बुध के साथ युति बना रहे हैं, वहीं नवम भाव में मंगल और बृहस्पति की युति बन रही है, जिसे ज्योतिषशास्त्र में अत्यंत शुभ माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार रविवार को नवरात्रि शुरू होने के कारण मां दुर्गा हाथी पर सवार होकर आ रही हैं। हाथी को सुख-समृद्धि, शांति और धन-धान्य का प्रतीक माना जाता है, जबकि माता का प्रस्थान घोड़े पर होगा, जो समाज में बदलाव व हलचल का संकेत देता है। घटस्थापना के लिए आचार्य राममेहर ने बताया कि वैसे तो पूरा दिन शुभ है, लेकिन प्रातःकाल का शुभ मुहूर्त सुबह 06:30 बजे से 10:35 बजे तक रहेगा। इसके अलावा दोपहर 11:51 बजे से 12:40 बजे तक अभिजीत मुहूर्त रहेगा। शाम को 04:32 बजे से 06:00 बजे तक राहुकाल रहेगा, जो कि अशुभ समय माना जाता है, इसलिए इस दौरान पूजन करने से बचें।

मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की होगी पूजा



नवरात्रि में मां दुर्गा के नौ स्वरूपों शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चंद्रघंटा, कुष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी और सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। इन नौ दिनों को तीन-तीन दिनों के भागों में बांटा गया है। पहले तीन दिन मां दुर्गा, अगले तीन दिन मां लक्ष्मी और अंतिम तीन दिन मां सरस्वती का ध्यान किया जाता है। 19 अक्टूबर को दुर्गा अष्टमी, महागौरी पूजन, कन्या पूजन और लांगुरिया पूजन होगा। 20 अक्टूबर को महानवमी और विजयादशमी का पर्व मनाया जाएगा। जो भक्त पूरे 9 दिन व्रत रखते हैं वे 10वें दिन पारण करें, जबकि असमर्थ श्रद्धालु पहला और आखिरी व्रत रख सकते हैं। पूजा की विधि बताते हुए आचार्य राममेहर शास्त्री ने कहा कि पूजन में रोली, मौली, चावल, लौंग, इलायची, सुपारी, कपूर, फल, फूल, मिठाई, पंचामृत और पानी वाला नारियल जैसी सामग्री की आवश्यकता होती है। स्थापना के समय सबसे पहले रेत या मिट्टी में जौ बोएं, कलश के कंठ पर मौली बांधकर आम के पत्ते लगाएं और लाल कपड़े में लिपटा पानी वाला नारियल स्थापित करें। इसके बाद सर्वप्रथम भगवान गणेश जी का पूजन करें, फिर कलश देव, षोडश मातृका और मां दुर्गा आदिशक्ति का आह्वान करें। नवरात्रि में अखंड ज्योति जलाने, दुर्गा सप्तशती का पाठ करने तथा वाहन, सोना-चांदी, जमीन या प्रॉपर्टी खरीदना अत्यंत शुभ माना गया है।

एशियन गेम्स की गोल्ड मेडलिस्ट कबड्डी स्टार मनीषा का सम्मान



हिसार। एशियाई खेलों में कबड्डी में स्वर्ण पदक जीतकर गांव, प्रदेश और देश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी मनीषा का गांव किरतान में सम्मान किया गया। उनकी इस उपलब्धि पर बुगालिया परिवार की ओर से आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने मनीषा को सम्मानित कर उनकी सफलता पर खुशी जताई। इस अवसर पर क्लब प्रधान कपूर सिंह बुगालिया ने कहा कि बेटी मनीषा ने अपनी प्रतिभा और मेहनत के बल पर जो उपलब्धि हासिल की है, उस पर पूरे गांव को गर्व है। सुरेश मास्टर ने कहा कि गांवों में खेलों को बढ़ावा देने की जरूरत है, ताकि युवा खेलों में आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर मेवा सिंह बुगालिया, प्रभु बुगालिया, दलीप बुगालिया, बलवान बुगालिया, राजपाल बुगालिया, हरि सिंह बुगालिया, मनवीर बुगालिया, प्रमोद बुगालिया, भरत सिंह बुगालिया, कन्या शर्मा, विकी, इन्द्र, सुंदर कुमार, जितु बुगालिया, कृष्ण, बलविंदर सहित अन्य ग्रामीण मौजूद रहे।

विशेष : विश्व डाक दिवस, 9 अक्टूबर

रोचक जानकारी / शिखर चंद जैन

दुनिया के कुछ अलग हटके पोस्ट ऑफिस

बच्चो, डाक व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने के लिए देश में ही नहीं, विदेशों में भी डाक घरों यानी पोस्ट ऑफिस की ऐसी व्यवस्था की गई है, जो सबको आश्चर्यचकित करती है। कहीं डाकघर झील में तैरता है, तो कहीं समुद्र के नीचे स्थित है। कोई डाकघर बर्फीले पहाड़ों पर है, तो कहीं खच्चर पहुंचाते हैं चिट्ठियां। डाक घरों से जुड़ी ऐसी ही कुछ हैरान करने वाली जानकारी।



दुनिया का एकमात्र तैरता हुआ डाकघर श्रीनगर, भारत

भारत में दुनिया का इकलौता तैरता हुआ डाकघर है। यह डाकघर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में खूबसूरत डल झील में एक विशाल हाउस बोट पर स्थित है। इसका उद्घाटन अगस्त 2011 में हुआ था। यह न केवल स्थानीय लोगों को डाक सेवाएं प्रदान करता है, यहां आने वाले पर्यटकों के लिए एक प्रमुख आकर्षण केंद्र भी है। इस डाकघर की मुहर भी खास है, जिस पर डल झील में शिकारा (नाव) चलाने वाले नाविक का चित्र बना होता है। *

दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर हिक्किम, भारत



हिमाचल प्रदेश के लाहुल-स्पीति जिले में स्थित हिक्किम डाकघर समुद्र तल से 14,567 फीट (लगभग 4,440 मीटर) की ऊंचाई पर स्थित दुनिया का सबसे ऊंचा डाकघर है। अत्यधिक ऊंचाई और भारी बर्फबारी के बावजूद, यह डाकघर साल के अधिकांश समय चालू रहता है। यहां से दुनिया भर के पर्यटक अपने प्रियजनों को पोस्टकार्ड भेजते हैं, जिस पर गर्व से लिखा होता है 'दुनिया के सबसे ऊंचे डाकघर से सादर।' *



दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस वानुअतु

प्रशांत महासागर में स्थित एक छोटा-सा द्वीप देश है वानुअतु। यहां दुनिया का एक मात्र अंडरवाटर पोस्ट ऑफिस है। यह डाकघर समुद्र के अंदर लगभग 3 मीटर (10 फीट) की गहराई में स्थित है। यहां जाने के लिए पर्यटकों को स्कूबा डाइविंग या स्नॉर्कलिंग गियर पहनना पड़ता है। यहां विशेष रूप से बनाए गए वॉटरप्रूफ (जलरोधी) पोस्टकार्ड बेचे जाते हैं, जिन्हें पर्यटक पानी के अंदर जाकर पोस्ट बॉक्स में डालते हैं। डाक विभाग का गोताखोर रोजाना आकर इन पत्रों को इकट्ठा करता है। *

दुनिया का सबसे उत्तरी डाकघर स्वालबार्ड, नॉर्वे

उत्तरी ध्रुव के बेहद करीब स्थित देश नॉर्वे के स्वालबार्ड द्वीप समूह के न्ये-ऑलेसुंड में आधिकारिक तौर पर दुनिया का सबसे उत्तरी दिशा में डाकघर स्थित है। यह क्षेत्र अत्यधिक ठंडा है। यहां ध्रुवीय भालुओं का आतंक रहता है। यहां काम करने वाले डाक कर्मियों को न केवल डाक संभालनी होती है, बल्कि सुरक्षा के लिए राइफल चलाने की ट्रेनिंग भी लेनी पड़ती है। यहां से वैज्ञानिक और शोधकर्ता अपने देशों को पत्र भेजते हैं। *



अपनी तरह की बिल्कुल अनोखी खच्चर डाक सेवा



तकनीकी रूप से बेहद उन्नत देश अमेरिका में आज भी एक ऐसा इलाका है, जहां डाक पहुंचाने के लिए खच्चरों का सहारा लिया जाता है। एरिजोना के ग्रैंड कैनियन की गहराइयों में बसे सुपाइ गांव में 'हवासुपाई' जनजाति रहती है। यहां तक पहुंचने के लिए कोई सड़क नहीं है। इसलिए, अमेरिकी डाक सेवा आज भी हर हफ्ते खच्चरों के कारवां के जरिए यहां के लोगों तक पत्र, दवाइयां और जरूरी सामान पहुंचाती है। *

दुनिया का सबसे बड़ा डाक नेटवर्क भारतीय डाक सेवा



बच्चो, हमारे देश के डाक विभाग यानी भारतीय डाक विभाग के पास दुनिया का सबसे बड़ा और सघन डाक नेटवर्क है। वर्तमान में भारत में 1,55,000 से अधिक डाकघर हैं। इनमें से लगभग 90 प्रतिशत डाकघर ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं। भारत में औसतन एक डाकघर लगभग 21.23 वर्ग किलोमीटर के क्षेत्र और करीब 8,000 से अधिक लोगों की आबादी को सेवा प्रदान करता है। चीन या अमेरिका जैसे बड़े देश भी डाकघरों की संख्या के मामले में भारत के आस-पास नहीं ठहरते। *

बच्चो, फेस्टिवल सीजन शुरू हो रहा है। तुम जरूर इन त्योहारों का पूरा आनंद लेना चाहोगे। इसके लिए तैयारी शुरू कर दो। इस तैयारी में तुम्हारे कुछ ऐसे काम और प्रयास होने चाहिए, जिससे सबको खुशियां मिलें और तुम एक अच्छे-नेक इंसान कहलाओ।

त्योहारों की करो ऐसी तैयारी सबको मिले खुशियां

पर्व उमंग

अंजू जैन



बच्चो, त्योहार हमारे जीवन को उत्साह-उमंग से भरते हैं। त्योहार मौज-मस्ती के साथ-साथ हमें अपनी सामाजिक जिम्मेदारी निभाने के लिए प्रेरित करते हैं। त्योहार हमें अपने परिवार से जोड़ते भी हैं। अब एक साथ कई त्योहारों की झड़ी लगने वाली है। इनका पूरा आनंद उठाने के लिए तुम्हें कुछ तैयारियां अभी से कर लेनी चाहिए, जानो ये तैयारी क्या हो सकती हैं?

अपने लोगों के साथ माइंडफुल प्रेजेंस: बच्चो, त्योहारों का असली मजा तब है, जब हम डिजिटल दुनिया से बाहर निकलकर अपने लोगों के साथ घुले-मिलें। इसलिए तुमको भी त्योहार के दिनों में अपना स्क्रीन टाइम कम करके अपने लोगों के साथ 'माइंडफुल प्रेजेंस' का प्रयास करना चाहिए। इसके लिए आभासी दुनिया से बाहर निकलकर, त्योहार के वास्तविक रंग में रंगना चाहिए। परिवार के संग त्योहार की खुशियां मनानी चाहिए। यही असली 'माइंडफुल प्रेजेंस' है।

पढ़ाई का एडवांस बैकअप है जरूरी: त्योहार के दिनों में पढ़ाई प्रभावित होना स्वाभाविक है। समझदारी इसी में है कि तुम त्योहार शुरू होने के पहले से ही स्कूल के होमवर्क, असाइनमेंट और आने वाले वाले एग्जाम्स के सिलेबस को एडवांस में पूरा कर लो। यदि तुम ऐसा कर लेते हो, तो त्योहार के दिनों में तुम्हें पढ़ाई की चिंता नहीं सताएगी। तुम बिना किसी प्रेशर के फेस्टिवल को एंज्वॉय कर सकोगे।

मम्मी-पापा की करो मदद: त्योहारों में घर के बड़ों, विशेषकर माता-पिता पर बहुत सारी जिम्मेदारियों का बोझ रहता है। इस बार फेस्टिवल्स में तुम अपने मम्मी-पापा के कामों में उनकी मदद करो, जैसे अपनी किताबें और अन्य सामान को व्यवस्थित रखो। घर की सफाई के दौरान तुम अलमारियों को व्यवस्थित करो। आसपास की दुकानों से पूजन सामग्री या घरेलू सामान लाकर अपने मम्मी-पापा का काम कम कर सकते हो।

हैंडमेड ग्रीटिंग्स देकर करो विश: तुम अभी से कैनवास, वॉटरकलर या स्केच पेन की मदद से अपकमिंग फेस्टिवल्स के लिए कुछ ग्रीटिंग कार्ड्स बनाकर रख लो। ये कसर्ड्स जब तुम अपने फ्रेंड्स या रिलेटिव्स को दोगे तो उन्हें बहुत अच्छा लगेगा।

अपनाओ जीरो वेस्ट-जीरो पॉल्यूशन की नीति: दिवाली बीत जाने के बाद चारों तरफ पटाखों का कचरा और बची हुई सामग्रियां बिखरी दिखाई देती हैं। तुम अभी से संकल्प लो कि त्योहारों में प्रदूषण फैलाने वाली चीजों का कम से कम इस्तेमाल करोगे। साथ ही त्योहारों के बाद सफाई करके सही ढंग से वेस्ट मैनेजमेंट करोगे। *

काइंडनेस बॉक्स से बांटो खुशियां



बच्चो, तुम अपने कमरे में एक 'काइंडनेस बॉक्स' बनाकर रख सकते हो। इसमें अपनी अच्छी स्थिति वाले पुराने खिलौने, ज्ञानवर्धक किताबें, कपड़े और अपनी पॉकेट मनी से बचाए गए कुछ पैसे अभी से इकट्ठा करना शुरू कर दो। त्योहार से एक-दो दिन पहले, अपने मम्मी-पापा, बड़े भाई-बहन या दोस्तों के साथ अनाथालय या झुग्गी-झोपड़ी के बच्चों के पास जाकर इन्हें उपहार स्वरूप भेंट करो। इससे उन बच्चों को तो खुशी मिलेगी ही, तुम्हें भी खुशी और संतुष्टि मिलेगी।

तुम्हारे लिए नई किताब / सुरेंद्र विक्रम

प्यारी-मीठी लोरियां

बच्चो, जब तुम छोटे थे, तो तुमने जरूर अपनी दादी मां या मम्मी से प्यारी-मीठी लोरियां सुनी होंगी। तुम्हारे लिए ऐसी ही मिठास भरी लोरियां लिखी हैं डॉ. रश्मि श्रीवास्तव ने, अपने लोरी संग्रह 'अम्मा की लोरी' में। इसमें कुल 12 लोरियां हैं। पहली लोरी में 'छोटी चिड़िया की बात है' तो दूसरी में चिड़िया को इसलिए बुलाया गया है कि उससे दोस्ती करनी है, जबकि बंदर को आने से रोका है। एक लोरी में गोल-मटोल चंदा की तरह मम्मी का चेहरा, पापा की आंखें, दादा का चश्मा, दादी की बिंदी, सबके सब गोल-मटोल होने की बात है। एक मजेदार लोरी में गिल्लो रानी बगिया में आकर 'कुट-कुट' का शोर करती है। मजा तो तब आता है, जब गिल्लो आकर बस्ते पर बैठ जाती है। एक मीठी लोरी में मम्मी, 'मछली जल की रानी है' पढ़ाती तो हैं, लेकिन मछली नहीं दिखने से बच्चे को हैरानी होती है। एक अन्य लोरी में भैया जी के सपने में दादा-दादी आएंगे तो साथ में तारे भी लाएंगे। एक लोरी में चिड़िया लगातार पानी बरसने से इसलिए उदास है कि वह कुछ भी खाने के लिए कहां से लाए, लेकिन इसी बीच मुन्नी ने कटोरे में भर खीर लाकर चिड़िया को दिया तो उसके साथ कौए की भी दावत हो गई। एक लोरी में तितली बिना रोक-टोक जहां देखो, वहां आती-जाती रहती है। यहां तक कि वह कक्षा में भी आ जाती है, मैम उसे कुछ न कहकर मुस्काती रहती हैं। दूसरी ओर एक लोरी में कौवे राजा का कांव-कांव का शोर यह बताता है कि घर में मेहमान आने वाले हैं। अम्मा-बाबा के आने की कल्पना से ही घर का पूरा वातावरण बदल जाता है। अंतिम लोरी में बिल्ली मौसी चुपके से आकर घर में घुसकर सारा दूध पी लेती है और फिर वहीं पर सो जाती है। संग्रह की हर लोरी तुम्हें खूब भाएगी, तुम इन्हें गाए बिना नहीं रहोगे। *



किताब : अम्मा की लोरी (लोरी संग्रह), **लेखिका :** डॉ. रश्मि श्रीवास्तव, **मूल्य :** 149 रुपए, **प्रकाशक :** बोधि प्रकाशन, जयपुर (राजस्थान)



कहानी

डॉ. अलका जैन 'आराधना'

रिटर्न गिफ्ट

अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में उसकी हाउस हेल्पर का बेटा बल्लू भी आया था। अनन्या ने पार्टी में आए अपने सभी फ्रेंड्स को रिटर्न गिफ्ट दिया, लेकिन बल्लू को देने के लिए गिफ्ट नहीं बचा। तो क्या बल्लू खाली हाथ वापस चला गया? बच्चो पढ़ो, बहुत ही प्यारी-सी कहानी।



आज अनन्या का जन्मदिन है। उसकी मम्मी सुबह से तैयारी में लगी हुई हैं। वे इंतजार कर रही हैं अपनी हाउस हेल्पर मालती का। ताकि वह आकर घर के काम-काज में उनकी मदद कर दे।

मालती के आने पर मम्मी ने कहा, 'आज अनन्या का जन्मदिन है। हमने सारे हॉल में गुब्बारे लगा दिए हैं। अब तुम जल्दी से कमरे की सफाई कर दो। फूटे हुए गुब्बारे यहां-वहां बिखरे पड़े हैं।'

मालती झटपट काम में जुट गई। जब वह काम निपटा कर जाने लगी तो मम्मी ने कहा, 'आज शाम को अपने बेटे बल्लू को भी अनन्या की बर्थ-डे पार्टी में लेकर आना।'

यह सुनकर मालती मुस्कुरा दी। मालती जब अपने घर पहुंची तो उसने देखा कि बल्लू अपनी ड्राइंग की नोटबुक में बहुत सुंदर चित्र बना रहा था। मालती बोली, 'अरे वाह.. कितना सुंदर चित्र बनाया है।' उसने देखा कि चित्र में एक लड़की अपनी बर्थ डे का केक काटने के लिए खड़ी हुई है। पूरा हॉल गुब्बारों से सजा हुआ था।

मालती बल्लू से बोली, 'कमाल है! तुमने तो वह चित्र बना दिया, जो आज शाम को सच में होने वाला है।'

'वो कैसे?' बल्लू चौंका।

मां ने बल्लू को बताया, 'आज शाम को अनन्या की बर्थ-डे पार्टी है। उसकी मम्मी ने तुम्हें भी बुलाया है। वहां चलना है।'

बल्लू बर्थ-डे पार्टी का नाम सुनकर बहुत खुश हुआ। शाम को वह अपने सबसे अच्छे कपड़े पहन कर तैयार हो गया।

बल्लू शाम को समय पर अपनी मां के साथ अनन्या के घर पहुंच गया। पूरा हॉल बच्चों से भरा हुआ था। बल्लू भी मुस्कुराता हुआ अनन्या के पास आया। उसने बर्थ-डे गिफ्ट के रूप में अनन्या को कहानियों की एक किताब दी।

उधर मालती काम में जुट गई। उसकी मदद से सारी व्यवस्था बहुत अच्छी तरह से हो गई थी। बल्लू ने बर्थ-डे पार्टी बहुत अच्छे से एंज्वॉय किया। डांस भी किया। केक खाया और टेस्टी नाश्ता और डिनर किया।

पार्टी के बाद अनन्या अपने हाथों से सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट दे रही थी। सब बच्चों को रिटर्न गिफ्ट देने के बाद अनन्या ने देखा कि रिटर्न गिफ्ट खत्म हो गए थे। बल्लू को अब तक रिटर्न गिफ्ट नहीं मिला था। अनन्या को लगा कि बल्लू को बहुत बुरा लगेगा। वह मम्मी के पास गई, उनसे रिटर्न गिफ्ट खत्म होने के बारे में बताया। मम्मी बोलीं, 'मैं बल्लू को बाद में दे दूंगी।'

'नहीं मम्मी...' बोलकर अनन्या बच्चों द्वारा लाए गिफ्ट्स में से चार डब्बे उठा लाई। 'अक्कड़ बक्कड़ बंबे बो' करके एक डब्बा चुन लिया। वह बल्लू को डब्बा देने ही वाली थी कि मम्मी बोलीं, 'देख तो लो... इसमें है क्या?'

अनन्या बोली, 'नहीं... देखूंगी, कहीं मन न बदल जाए।'


अनन्या की बात सुनकर मम्मी ने उसे शाबासी दी, मुस्कुराते हुए बोलीं, 'जाओ, दे दो बल्लू को रिटर्न गिफ्ट।'

यह सब बल्लू भी देख-सुन रहा था। वह बोला, 'दीदी, मैं बाद में ले लेता... आप अपना गिफ्ट मुझे क्यों दे रही हैं?' बल्लू के मना करने के बाद भी अनन्या ने उसे गिफ्ट का एक डब्बा थमा दिया। अनन्या ने बल्लू से गिफ्ट खोलकर देखने को कहा। उसने जब गिफ्ट खोला तो उसके आश्चर्य का ठिकाना नहीं रहा। यह तो वही रिमोट कंट्रोल वाली कार थी, जो कल उसने सपने में देखी थी! रिमोट कंट्रोल वाली कार अनन्या को भी बहुत पसंद थी, लेकिन यह तो वह रिटर्न गिफ्ट में बल्लू को दे चुकी थी।

मम्मी ने अनन्या का चेहरा पढ़ने की कोशिश की। अनन्या के चेहरे पर कोई शिकन नहीं थी। वह पहले की तरह ही मुस्कुरा रही थी। उसे मुस्कुराता देख मम्मी के चेहरे पर भी मुस्कान आ गई। *

कविता

डॉ. करुणा पांडे



मदारी

डुग-डुग करता आया मदारी
मेरे घर के अंदर।।
छम-छम भालू नाच दिखाता
साथ में था एक बंदर।।
नाच दिखाता बंदर सुंदर
देख मदारी की लाठी।
अब ऐंठ मदारी बैठ गया,
थी मोटी सी कद काठी।।
बंदरिया ने लहंगा पहना
बंदर देख मुस्काया।।
हमने उसको केला फेंका,
लपक के उसने खाया।
सबसे पैसा बंदर मांगे
छूने पैर वह आया।
तभी वहां लंगूर ने आकर
बंदर को मार भगाया।।

जीके क्विज-226

1. एशियन गेम्स 2026 में भारत ने कुल कितने पदक जीते?
2. एशियन गेम्स 2026 में नीरू ढांडा ने किस खेल में स्वर्ण पदक जीता?
3. एशियन गेम्स 2026 में पदक तालिका में भारत ने कौन-सा स्थान प्राप्त किया?
4. अगले एशियन गेम्स 2030 का आयोजन कहां किया जाएगा?
5. वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे कब मनाया जाता है?
6. जापान की मुद्रा का क्या नाम है?
7. कनाडा की राजधानी का क्या नाम है?
8. पौधे अपना भोजन किस प्रक्रिया से बनाते हैं?
9. 'अर्थशास्त्र' के लेखक कौन थे?
10. भारत के प्रधानमंत्री को पद की शपथ कौन दिलाता है?



बच्चो, जीके क्विज-226 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

जीके क्विज-225 का उत्तर : 1. पोरबंदर (गुजरात), 2. 1915 ई., 3. गोपाल कृष्ण गोखले, 4. कस्तूरबा गांधी, 5. राजघाट (दिल्ली), 6. रवींद्रनाथ टैगोर, 7. साबरमती आश्रम, 8. दूसरा, 9. स्वर्ण पदक, 10. भारोत्तोलन (वेट लिफ्टिंग)

जीके क्विज-225 का सही उत्तर देने वाले : हर्षिल-राजनांदगांव, सुषमा-रायपुर, रचित-बिलासपुर, नेहा-भोपाल, कशिश-बलौदा बाजार, आर्यन-रोहतक, जतिन-दिल्ली, रोहन-दुर्ग, तेजस-महासमुंद, हर्ष-बालोद, सुमित-झज्जर, विकास-हिसार

रंग भरो-212

रंग भरो-212 में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





आकांक्षी, सरगुजा



आशना, जांजगीर



डिपल, दुर्ग



त्रिशा, रायपुर



दिशा, बिलासपुर



रूबेन, बिलासपुर

इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

सुयश-बिलासपुर, प्रियंका-रायपुर, जीतू-भोपाल, कुसुम-रोहतक, लोकेश-जबलपुर, नीरज-महासमुंद, यश-रायगढ़, खुशी-भिवानी, प्रियंका-जांजगीर, कविता-कटनी, हितेश-दिल्ली, राकेश-धमतरी, अंकित-गुना, राजेश-करनाल, शुभम-बिलासपुर, प्रिया-कोरबा

रंग भरो 213



बच्चो, यहां केला खाते हुए एक क्यूट-से मंकी का ब्लैक एंड व्हाइट चित्र दिया गया है। तुम इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, G-65, बाली नगर, नई दिल्ली-110015 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।

खबर संक्षेप

सड़क निर्माण के रास्ते से हटाए अवैध चबूतरे

हिसार। नगर निगम की ओर से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत वार्ड नंबर 11 के गांव सातरोड में सड़क निर्माण के रास्ते में बने अवैध चबूतरों को जेसीबी की सहायता से हटाया गया। नगर निगम के एमई अमित बेरवाल ने बताया कि वार्ड नंबर 11 में सड़क निर्माण का कार्य चल रहा है। सड़क के आसपास क्षेत्रवासियों की ओर से अवैध रूप से चबूतरों का निर्माण किया गया था, जिसके कारण सड़क निर्माण कार्य प्रभावित हो रहा था। निगम की टीम ने कार्रवाई करते हुए जेसीबी की सहायता से इन चबूतरों को हटाया और सड़क निर्माण के लिए रास्ता साफ करवाया।

स्वच्छता के नियमों की अनदेखी पर काटे चालान

हिसार। शहर को स्वच्छ, सुंदर और व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से नगर निगम ने स्वच्छता नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। निरीक्षण के दौरान एएसआई विजेता ने रेड स्क्वेयर मार्केट में 2 दुकानदारों के द्वारा खुले कचरा डालने पर 500-500 रूपये के चालान किए। वहीं सेक्टर 33 में दो दुकानदारों और एक फाइनेंस कम्पनी के द्वारा बस स्टेंड रोड पर खुले में कचरा डालते पाएं जाने पर संबंधित कम्पनी और दुकानदारों के 500-500 रुपये के चालान किए।

सिद्धि विनायक मंदिर में कीर्तन व भंडारा 10 को

हिसार। प्रभु प्रेमी संघ की हिसार शाखा की ओर से शनिश्चरी अमावस्या के उपलक्ष्य में 10 अक्टूबर को सायं 6:15 बजे पुष्पा कॉम्पलैक्स स्थित सिद्धि विनायक मंदिर एवं सिद्ध शनिदेव मंदिर में भजन-कीर्तन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। संघ के प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि प्रातः 6:30 बजे से शनिदेव पर तेलाभिषेक शुरु होगा। दिन भर पूजा-अर्चना होगी। सायं 6:15 बजे आरती के साथ भजनों का कार्यक्रम शुरु होगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। भजनों के कार्यक्रम के साथ ही भंडारा चलाया जाएगा। प्रवक्ता कैलाश गोयल ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंत्री व विधायक सावित्री जिंदल मुख्यातिथि के रुप में भाग लेंगी। पूर्व मेयर शकुंतला राजलीवाला विशिष्ट अतिथि होंगी। अध्यक्षता पार्षद संजय डालमिया व जगमोहन मित्तल करेंगे।

गुरुद्वारा बाबा वीरभान का वार्षिक उत्सव संपन्न

हिसार। गुरुद्वारा बाबा वीरभान, बारह क्वार्टर के आठ दिवसीय 61वें वार्षिक उत्सव का गुरुवार को समापन किया गया। उत्सव की शुरुआत 2 अक्टूबर को संत धर्मखण्डानन्द, नंगली वाले व संत निज आत्म योगानन्द के सान्निध्य में की गई थी। हांसी के कथा वाचक एवं गायक हरिन्द्र सिंह नांगरु ने रोजाना सत्संग व कीर्तन द्वारा संगत को निहाल किया। समापन अवसर पर विधायक सावित्री जिंदल के पीए ललित शर्मा, समाजसेवी संतलाल महता, संजीव असीजा, शेरसिंह वर्मा, गीता नांगरु, संजय सुखीजा, सुभाष चिलाना ने अतिथि के रुप में भाग लेकर गुरु दरबार में माथा टेका। सभी अतिथियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद मनोहर लाल नांगरु, समाजसेवी सतपाल असीजा डॉ. तिलकराज ढींगड़ा, समाजसेवी पारुल राजपाल, टेकचंद सेहरा, शकुंतला, आशा, अनिता पाहुजा, संजय गाबा, प्रवीन गोगिया मौजूद रहे।

शिविर में 2 हजार लंबित मामलों की हुई सुनवाई

हिसार। जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण प्रक्रिया के दौरान अब तक कुल 2 लाख 83 हजार 752 नोटिस जनरेट किए गए हैं, जिनमें से करीब 34 हजार मामलों में सुनवाई लंबित है। यह कुल लंबित मामलों का लगभग 12 प्रतिशत है। डीसी ने इन मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी महेंद्र पाल ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत नोटिस एवं सुनवाई से संबंधित मामलों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जा रहा है।

250 वर्ष प्राचीन श्री देवी भवन मंदिर में भव्य नवरात्र महोत्सव की तैयारियां पूरी

चार शक्तिपीठों से लाई जा रही महामाई की दिव्य ज्योत आज पहुंचेगी हिसार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहर के 250 वर्ष प्राचीन ऐतिहासिक श्री देवी भवन मंदिर में नवरात्रे महोत्सव को लेकर तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। 11 अक्टूबर से 19 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले नवरात्रे महोत्सव से पहले 9 अक्टूबर को चार प्रमुख शक्तिपीठों से लाई जा रही महामाई की पावन दिव्य ज्योत श्री देवी भवन मंदिर पहुंचेगी। दिव्य ज्योत के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह और श्रद्धा का माहौल है।

मां ज्वाला देवी, मां चिंतपूर्णी, मां कांगड़ा देवी एवं मां चामुंडा देवी के पवित्र शक्तिपीठों से महामाई की दिव्य ज्योत लेने के लिए श्रद्धालुओं का दल 7 अक्टूबर की रात्रि को रवाना हुआ था। चारों शक्तिपीठों से लाई जा रही ज्योत 9 अक्टूबर को श्री देवी भवन मंदिर प्रांगण में विधिवत रूप से स्थापित की जाएगी। श्री देवी भवन मंदिर में पिछले कई वर्षों से विभिन्न शक्तिपीठों से मां भगवती की ज्योत लाकर प्रज्वलित की जाती रही है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं को अपने एवं अपने परिवार के नाम से महामाई की पावन ज्योत प्रज्वलित करवाने का अवसर दिया जा रहा है। मंदिर कमेटी के अनुसार श्रद्धालु 1400 रुपये की राशि में अपने अथवा अपने परिवार के नाम से ज्योत प्रज्वलित करवा सकते हैं। मंदिर कमेटी ने बताया कि ज्योत की संख्या सीमित है, इसलिए इच्छुक श्रद्धालु अग्रिम बुकिंग करवा सकते हैं।



हिसार। देवी भवन मंदिर में उपस्थित पुजारी। फोटो : हरिभूमि

श्राद्ध अमावस्या पर गोवंश की देखभाल के लिए पशुपालन विभाग मुस्तैद

हिसार। श्राद्ध अमावस्या के अवसर पर गोवंश के स्वास्थ्य संरक्षण एवं त्वरित उपचार के लिए पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने कड़े कदम उठाए हैं। दस से 12 अक्टूबर तक पूरे जिले में विशेष निगरानी टीमें 24 घंटे तैनात रहेंगी। पशुपालन एवं डेयरी विभाग की उप निदेशक डॉ संगीता दलाल ने बताया कि कि श्राद्ध अमावस्या पर श्रद्धालुओं द्वारा गोवंश को अत्यधिक मात्रा में पूरी, खीर व अन्य गरिष्ठ खाद्य पदार्थ खिलाए जाते हैं। खान-पान में अचानक बदलाव या अत्यधिक भोजन से पशुओं में अपच, अफारा, एसिडोसिस और पेट दर्द जैसी गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं उत्पन्न हो जाती हैं। इस स्थिति से निपटने और समय पर उपचार उपलब्ध कराने के लिए विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने बताया कि स्थिति की संवेदनशीलता को देखते हुए जिले के अंतर्गत कार्यरत सभी पशु चिकित्सकों और संबंधित कर्मचारियों की छुट्टियां रद्द कर दी गई हैं। हिसार, हांसी, बरवाला तथा नारनौंद उपमंडलों के उपमंडल अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सभी गौवंश, विशेषतः गौशालाओं और नंदीशालाओं के पशुओं के स्वास्थ्य की निगरानी के लिए विशेष टीमों का गठन सुनिश्चित करें। प्रत्येक उपमंडल में एक वरिष्ठ पशु चिकित्सक को नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा। नोडल अधिकारी संबंधित क्षेत्र में गोवंश के स्वास्थ्य की निरंतर निगरानी करेंगे और किसी भी आपातकालीन स्थिति में तुरंत चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध कराएंगे।

- 24 घंटे तैनात रहेंगी विशेष निगरानी टीमें



जनसंवाद में डॉ. कमल गुप्ता ने सुनीं आमजन की समस्याएं

अधिकारियों से संपर्क कर कई मामलों का मौके पर ही करवाया निस्तारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

भाजपा जिला कार्यालय में पूर्व स्वास्थ्य एवं नागरिक उड्डयन मंत्री डॉ. कमल गुप्ता ने जनसंवाद कार्यक्रम के दौरान आमजन की समस्याएं सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से तुरंत संपर्क किया। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। इस दौरान उन्होंने विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभियान को लेकर भी पार्टी कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। डॉ. कमल गुप्ता ने कहा कि भाजपा केवल चुनावी राजनीति तक सीमित नहीं है, बल्कि जनता के सुख-दुख में सहभागी बनकर उनकी समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि जनसंवाद कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करना तथा पात्र लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाना है। इस अवसर पर सुरेश गोयल धूप वाला, रामचंद्र गुप्ता, अशोक मित्तल, अनुज जैन, धर्म सिंह खटकड़, बलबीर भूम्बक, प्रोमिला पूनिया, सतपाल शर्मा, डॉ. उमेद खन्ना, मुनीश एलावादी, सविता कपूर, सतीश महत्ता और सतीश जांगड़ा व अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीनियर टेनिस में योगेश ने 2026 का 11वां अंतरराष्ट्रीय खिताब जीता

- सिंगल्स में चैंपियन, डबल्स में रहे रनर-अप

हिसार। सीनियर टेनिस खिलाड़ी योगेश कोहली ने वर्ष 2026 का अपना 11वां अंतरराष्ट्रीय खिताब जीत लिया। उत्तराखंड के नैनीताल जिले के चूनाखान स्थित ऑप्टिमम टेनिस अकादमी में आयोजित सीनियर टेनिस प्रतियोगिता में योगेश कोहली ने सिंगल्स वर्ग का खिताब अपने नाम किया, जबकि डबल्स वर्ग में रनर-अप रहे। योगेश कोहली पिछले एक दशक से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय टेनिस का नाम रोशन कर रहे हैं। वर्ष 2016 से वह लगातार आईटीएफ मास्टर्स टेनिस सर्किट में शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। अपने निरंतर प्रदर्शन के बल पर उन्होंने सीनियर टेनिस की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में मजबूत पहचान बनाई है। वर्ष 2026 उनके करियर का ऐतिहासिक वर्ष साबित हो रहा है और चूनाखान में मिली यह सफलता उनके खिताबी सफर में एक और उपलब्धि जुड़ गई है।



हिसार। सीनियर टेनिस प्रतियोगिता में खिताब जीतने के बाद ट्रॉफी के साथ योगेश कोहली।

हाई जंप खिलाड़ी पूजा को किया सम्मानित

हिसार। हिसार कुम्हार महासभा की ओर से हाई जंप खिलाड़ी पूजा को खेलों में शानदार उपलब्धियों के लिए प्रशस्ति प्रमाण पत्र और 21 हजार रुपये की नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। गांव बोस्ती निवासी पूजा ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाई जंप में लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। महासभा के प्रधान भजनलाल ने बताया कि पूजा के पिता हंसराज राजमिस्त्री का काम करते हैं, जबकि मां किरण देवी गृहिणी हैं।

परिवार की आर्थिक स्थिति सामान्य होने के बावजूद पिता ने बेटी को खेलों में आगे बढ़ाने के लिए काफी संघर्ष किया। कोच बलवान ने भी उसे पूरा सहयोग और मार्गदर्शन दिया। मेहनत और लगन के बल पर पूजा ने हाई जंप में अपनी विशेष पहचान बनाई। इस अवसर पर कुम्हार महासभा के उपाध्यक्ष भाग चंद वर्मा, महासचिव दीपक वर्मा, कांग्रेस सेल के ओबीसी के पूर्व उपाध्यक्ष सुभाष वर्मा सहित पूजा के परिजन मौजूद रहे।



हिसार। पूजा को सम्मानित करते कुम्हार महासभा के पदाधिकारी।

निगमायुक्त ने किया विकास कार्यों का निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश

हिसार। शहर में चल रहे विकास कार्यों की प्रगति और निर्माण गुणवत्ता का जायजा लेने के लिए निगमायुक्त सी. जयाश्रद्धा ने वीरवार को क्षेत्रों का दौरा कर निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर कार्यों की स्थिति देखी और संबंधित अधिकारियों से प्रगति रिपोर्ट की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान कार्य को ओर बेहतर करने निर्देश दिए गए। इस दौरान एक्सईएन अमित कौशिक, एमई कर्मपाल सिंह सिंधू, जेई मनजीत, जेई राजेश भांभू आदि मौजूद रहे। निगमायुक्त ने सबसे पहले सेक्टर-15 में सड़कों के पेचवर्क के कार्य का निरीक्षण किया। जिस पर करीब 31.30 लाख रुपये हुए हैं। उन्होंने अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता और प्रगति के बारे में जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इसके बाद उन्होंने कैमरी रोड पर सेक्टर-15 के समीप बनाए जा रहे ग्लोब चौक के कार्य का भी जायजा लिया। इसके बाद निगमायुक्त अधिकारियों के साथ आजाद नगर पहुंचीं, जहां उन्होंने 17 गलियां जोकि ब्लॉक की बनाई गई है उनका निरीक्षण किया।



हिसार। विकास कार्यों का निरीक्षण करती निगमायुक्त सी जयाश्रद्धा।

मीटिंग कर कार्यकारी अभियंता के खिलाफ गरजे बिजली कर्मी

- समाधान नहीं हुआ तो 21 से आंदोलन की चेतावनी

हिसार। सर्व कर्मचारी संघ से संबंधित ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन यूनिट नंबर-2 के कर्मचारियों ने विभिन्न समस्याओं को लेकर कार्यकारी अभियंता के खिलाफ गेट मीटिंग कर रोष प्रदर्शन किया। कर्मचारियों ने अधिकारी पर अड़ियल रवैया अपनाने का आरोप लगाते हुए जमकर नारेबाजी की। गेट मीटिंग की अध्यक्षता यूनिट प्रधान बिजेंद्र पूनिया ने की, जबकि संचालन सह सचिव मुकेश गौतम ने किया। गेट मीटिंग को संबोधित करते हुए राज्य नेता जगमेन्द्र पूनियां, दलीप सोनी, धर्मेंद्र शर्मा, सर्कल सचिव ओमप्रकाश वर्मा और यूनिट नंबर-1 के सचिव अनिल कुमार ने कहा कि 7 अक्टूबर को यूनिट कार्यकारिणी कर्मचारियों की समस्याओं को लेकर कार्यकारी अभियंता से मिलने पहुंची थी। उनका आरोप है कि इस दौरान अधिकारी का कर्मचारियों और संगठन के प्रति रवैया उचित नहीं रहा। इसके बाद संगठन के सदस्यों ने कार्यालय से बाहर आकर विरोध प्रदर्शन किया।

एनसीसी परिसर में धूमधाम से मनाया भारतीय वायुसेना दिवस



हिसार। नंबर . वन हरियाणा एयर स्क्वाड्रन एनसीसी द्वारा 94वाँ भारतीय वायुसेना दिवस "अचूक, अभेद्य और सटीक" थीम के साथ पूरे उत्साह व राष्ट्रभक्ति से मनाया गया। कमांडिंग ऑफिसर ग्रुप कैप्टन दीपक शर्मा की मौजूदगी में आयोजित इस समारोह में भाषण, रंगोली प्रतियोगिता और देशभक्ति गीतों के जरिए कैडेट्स ने वायुसेना के शौर्य को नमन किया। स्वयं पायलट रहे ग्रुप कैप्टन दीपक शर्मा ने कैडेट्स को वायुसेना में शामिल होने, जीवन में बड़े लक्ष्य तय करने और अनुशासन के साथ देशसेवा को प्राथमिकता देने का संदेश दिया। उन्होंने कैडेट्स का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें जीवन में बड़े लक्ष्य निर्धारित करने, अनुशासन को अपनाने और राष्ट्रसेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कैडेट्स को उनके सपनों को लक्ष्य में बदलने, निरंतर मेहनत करने तथा सही दिशा में तैयारी करने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया।

कॉलेज में राज्य स्तरीय ऑनलाइन स्पर्धा में गुरुग्राम की नेहा प्रथम

- समनीत कौर को दूसरा और संजना को मिला तीसरा स्थान

नारनौंद। राजकीय महाविद्यालय नारनौंद में कॉलेज के प्राचार्य डॉ पंकज गोयत के मार्गदर्शन में वाणिज्य विषय समिति संयोजक डॉ सुचेता द्वारा राज्य-स्तरीय ऑनलाइन कॉमर्स प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न राजकीय एवं सहायता प्राप्त राजकीय महाविद्यालयों के सैंकड़ो विद्यार्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया। इसमें विद्यार्थियों ने 60 मिनट में 150 प्रश्नों का उत्तर देते हुए अपने जवाब सबमिट किए। निर्णायक समिति के सदस्य कृष्ण चंद्र, डॉ. नेहा एवं तुषार जैन द्वारा कम समय में अधिकतम प्रश्नों के सही उत्तर देने के आधार पर निर्णय घोषित किया। इसमें 150 में से 149 प्रश्नों के सही जवाब देकर राजकीय महिला महाविद्यालय गुरुग्राम से कुमारी नेहा ने प्रथम, डीएवी महाविद्यालय यमुनानगर से समनीत कौर ने द्वितीय तथा राजकीय महिला महाविद्यालय गुरुग्राम से कुमारी संजना ने तृतीय स्थान हासिल किया।

मॉडल स्कूल में दिखा लोक संस्कृति का रंग बच्चों ने नृत्य और नाटक से बांधा समा



नारनौंद। मॉडल स्कूल नारनौंद में खंड स्तरीय लोक नृत्य एवं नाटक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में खंड के विभिन्न विद्यालयों से कक्षा आठवीं एवं नौवीं के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थियों ने लोक नृत्य, नाटक तथा विभिन्न विषयों पर आधारित प्रस्तुतियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन किया। यह कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम के मार्गदर्शन में प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। लोक नृत्य प्रतियोगिता में कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय माढ़ा ने प्रथम, मॉडल स्कूल नारनौंद ने द्वितीय तथा कन्या विद्यालय नारनौंद ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं नाटक प्रतियोगिता में पीएमश्री विद्यालय राखी शाहपुर प्रथम, मॉडल स्कूल नारनौंद द्वितीय तथा राजकीय माध्यमिक विद्यालय खेड़ी लोहचब तृतीय स्थान पर रहा।

भागवत कथा में उमड़े भक्त, गोवर्धन गिरधारी सुध लेना हमारी...भजन सुनकर हुए भावुक

हिसार। उत्तम नगर में पितृ पक्ष के उपलक्ष्य में महिला संकीर्तन मंडल के तत्वाधान में चल रही श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के पांचवें दिन भगवान कृष्ण की बाललीला, गोवर्धन पूजा आदि प्रसंग का वर्णन किया गया। कथा वाचक पं. यशोदानन्दन महाराज ने कहा कि जब कन्हैया सात वर्ष के थे तो उन्होंने सात कोस के गिरिराज को सात दिनों तक अपनी छोटी अंगुली पर उठाए रखा, तब गवाल-बालों ने शंका करते हुए पूछा कि हे कन्हैया तुममें इतना बल कहां से आ गया जो गोवर्धन पर्वत को अंगुली पर उठा लिया। तब कन्हैया ने जवाब दिया कि कछु माखन ने बल बढ़ायो, कछु गोपिन करी सहाय। श्रीराधा की कृपा से मैंने गिरिराज लियो उठाए। उन्होंने बताया कि कन्हैया ने इन्द्रदेव द्वारा की गई भीषण वर्षा से लोगों को बचाने के लिए तथा इन्द्र का घमंड तोडने के लिए गोवर्धन पर्वत को उठाकर गोवर्धन वासियों की रक्षा की थी।



स्वर्गीय पंडित रामकिशन व्यास के 101वें जन्मोत्सव पर 11 अक्टूबर से होगा सांग

नारनौंद। पंडित स्वर्गीय रामकिशन व्यास के 101 वें जन्मोत्सव के उपलक्ष पर दो दिवसीय सांग का आयोजन होगा। इसमें पूर्व विधायक जोगीराम सिहाग मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। मार्केट कमेटी के चेयरमैन उदय सिंह लोहान, देवेंद्र व्यास व पार्षद राजवीर खेड़ी ने बताया कि स्वर्गीय पंडित रामकिशन व्यास पूरे प्रदेश में विख्यात सांगी थे। उनके द्वारा जो भी सांग आयोजित किए जाते थे। वह अलग ही छाप छोड़ते थे। समाज में जागरूकता लाने के लिए उन्होंने सैकड़ो सांगों का आयोजन किया। पहले मनोरंजन के साधन नहीं होते थे ,इसलिए सांगो के माध्यम से लोग मनोरंजन करते थे। उनके जन्मोत्सव के अवसर पर 11 और 12 अक्टूबर को संस्कृत कॉलेज में दो दिवसीय सांग उत्सव मनाया जाएगा। इसमें प्रदेश के विख्यात सांगी मोनू राणा रूपकला जादू खोरी और रमेश पाई धर्म की जीत पर सांग आयोजित करेंगे। इस अवसर पर सुभाष शास्त्री, रामदिया, वीरेंद्र, देवेंद्र , अशोक कुमार, रामनिवास, सुभाष जांगड़ा आदि मौजूद थे।



नारनौंद। पत्रकार वार्ता करते हुए चेयरमैन उदय सिंह लोहान व देवेंद्र व्यास। फोटो : हरिभूमि

भाजपा के तीन जिला सह मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति

हिसार। भारतीय जनता पार्टी ने जिले में संगठनात्मक नियुक्तियां करते हुए सतनाम सैनी, राजपाल बेनीवाल और विवेक शर्मा को जिला सह मीडिया प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य के साथ विचार-विमर्श के बाद इन नियुक्तियों के आदेश जारी किए। नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। जिला मीडिया प्रभारी राजेन्द्र सपड़ा ने बताया कि वरिष्ठ नेताओं से विचार विमर्श के बाद जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ ने संगठन की मजबूती व पार्टी के काम को गति देने के लिए तीनों सह मीडिया प्रभारियों की नियुक्ति की है। उधर, नवनियुक्त जिला सह मीडिया प्रभारियों ने प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता, जिला प्रभारी सुरेंद्र आर्य, जिला अध्यक्ष डॉ. आशा खेदड़ सहित अन्य वरिष्ठ नेताओं का आभार जताया।



सह मीडिया प्रभारी सतनाम सैनी को मिठाई खिलाकर बधाई देते जिला अध्यक्ष डा. आशा खेदड़।

डाक वितरण प्रणाली का आधुनिकीकरण एकीकृत वितरण केंद्र का हुआ शुभारंभ

- आईडीसी में बृहस्पतिवार से विधिवत शुरू हो गया कामकाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिसार

शहरवासियों को बेहतर, तेज और आधुनिक डाक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से भारतीय डाक विभाग, हिसार डाक मंडल द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्य पोस्टमास्टर जनरल, हरियाणा परिमंडल (अंबाला) के आदेशानुसार शहर में एकीकृत वितरण केंद्र (आईडीसी) की स्थापना की गई है, जिसने गुरुवार से विधिवत कार्य करना शुरू कर दिया है।

व्यवस्था में क्या हुआ बदलाव?

अब तक हिसार शहर में डाक वितरण का कार्य 6 अलग-अलग डाकघरों से किया जाता था। नई व्यवस्था के तहत इन सभी डाकघरों का वितरण कार्य अब एक ही स्थान आईडीसी हिसार प्रधान डाकघर भवन से संचालित किया जाएगा।

जिन 6 डाकघरों का वितरण कार्य आईडीसी में शामिल किया गया है, उनमें हिसार प्रधान डाकघर, एचएयू हिसार उप डाकघर, आजाद नगर उप डाकघर, मॉडल टाउन उप डाकघर, सातरोड़ खुर्द उप डाकघर, हिसार कैंट उप डाकघर आते हैं।



मुख्य डाकघर की बिल्डिंग।

आम जनता को मिलेगा लाभ

सभी प्रकार की डाक व पार्सल का वितरण अब मोटरसाइकिल और चार पहिया वाहनों के माध्यम से मशीनीकृत तरीके से त्वरित गति से किया जाएगा। पार्सल और स्पीड पोस्ट की डिलीवरी से संबंधित कोई भी जानकारी अब आम जनता एक ही केंद्र से प्राप्त कर सकेगी। यह परिवर्तन केवल डाक वितरण (डिलीवरी) व्यवस्था के लिए किया गया है। काउंटर बुकिंग, बचत बैंक, आधार सेवा जैसी अन्य सभी जनसुविधाएं पूर्व की भांति सभी संबंधित डाकघरों में यथावत जारी रहेंगी।

शहरवासियों को बेहतर सुविधा



शहरवासियों को बेहतर, तेज और आधुनिक डाक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से यह पहल की गई है। शहर में एकीकृत वितरण केंद्र की स्थापना की गई है। इसकी विधिवत शुरुआत हो चुकी है।

अनिल कुमार रोज, अधीक्षक डाकघर, हिसार मंडल।

वास्तु एवं प्रकृति के नियमों की अनदेखी न करें : सत्यपाल

हिसार। आधुनिक तकनीक और अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त आलीशान भवनों में रहने या व्यवसाय करने के बावजूद अनेक परिवार रोग, तनाव, असफलता, असंतोष और अन्य परेशानियों से क्यों जूझ रहे हैं। यह सवाल सजग की ओर से आयोजित कार्यशाला में प्रतिभागियों ने उठाया। इस पर सजग के प्रदेशाध्यक्ष एवं वास्तु सलाहकार सत्यपाल अग्रवाल ने कहा कि आधुनिक और सुविधाजनक आलीशान भवन बनाने की होड़ में कई बार वास्तु के सिद्धांतों व प्राकृतिक पहलुओं की अनदेखी हो जाती है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की परेशानी की संभावना को कम करने के लिए आवासीय हो या व्यावसायिक, भवन निर्माण में वास्तु एवं प्रकृति के अनुकूल सिद्धांतों का ध्यान रखना जरूरी है। इससे भवन केवल सुंदर और सुविधाजनक ही नहीं, बल्कि सुखद, सफल और सकारात्मक वातावरण का केंद्र भी बन सकता है। कार्यशाला में सत्यपाल अग्रवाल, डिजाइनर प्रीति मित्तल और उनकी टीम ने आधुनिक सुविधाओं, आकर्षक डिजाइन तथा नवीनतम योजना के साथ वास्तु सिद्धांतों और प्राचीन भारतीय जीवनशैली के उपयोगी पहलुओं के समन्वय की जानकारी दी।



हिसार। कार्यशाला में उपस्थित सत्यपाल अग्रवाल एवं अन्य।

खबर संक्षेप

जाट कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य पर हुआ व्याख्यान

हिसार। छाजूराम मैमोरियल जाट कॉलेज के मनोविज्ञान विभाग द्वारा विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर व्याख्यान सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गुरु गोरखनाथ जी राजकीय महाविद्यालय की मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका डॉ. एकता मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहीं। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुरेन्द्र कुमार बाजिया ने मुख्य वक्ता का विधिवत स्वागत किया। अपने व्याख्यान में डॉ. एकता ने कहा कि शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक स्वास्थ्य भी व्यक्ति के समग्र विकास और सुखद जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है। मनोविज्ञान विभाग की प्राध्यापिका सीमा ने मुख्य वक्ता डॉ. एकता का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर प्राध्यापिका हर्षलेखा, डॉ. कृष्ण लाल, डॉ परविन्दर दलाल, डॉ. नेहा डांगी तथा डॉ यशोदीप उपस्थित रहे।

एआई व साइबर सिक्योरिटी पर दी विस्तृत जानकारी

हिसार। फतेहचन्द महिला कॉलेज में कंप्यूटर विभाग के सौजन्य से एआई एवं साइबर सिक्योरिटी विषय पर हनीवेल संस्था की ओर से व्याख्यान हुआ। अध्यक्षता प्राचार्या डॉ. अनीता सहरावत ने की। उन्होंने मुख्य वक्ता अदिति काअभिनंदन करते हुए कहा कि वर्तमान समय तकनीक का युग है। इस युग में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की सहायता से छात्राएँ अपने भविष्य के लिए बेहतर करियर विकल्प चुन सकती हैं तथा अपने कार्यक्षेत्र में आवश्यक कौशल एवं दक्षता प्राप्त कर सकती हैं।

42 जरूरतमंद लोगों को मिली नेत्र ज्योति

हिसार। लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट ने विभिन्न चरणों में जरूरतमंद लोगों की आंखों के सफेद मोतियाबिंद के ऑपरेशन करवाकर जनसेवा की मिसाल कायम की है। ट्रस्ट ने नेत्र ऑपरेशन शिविर आयोजित करके 42 लोगों के नेत्र ऑपरेशन करवाए। लाडली वेलफेयर चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक अनिल सिंगला मंगालीवाला ने बताया कि ट्रस्ट द्वारा हाल ही में मंगाली में निशुल्क नेत्र जांच शिविर लगा गया था। इस शिविर से 325 लोग लाभान्वित हुए और जांच के दौरान काफी संख्या में बुजुर्ग आंखों के सफेद मोतियाबिंद से प्रभावित मिले। उन बुजुर्गों का निशुल्क नेत्र ऑपरेशन विभिन्न चरणों में अनुभवी व प्रशिक्षित चिकित्सकों ने किया है।

अग्रसेन भवन में 17 को गूंजेंगे बालाजी के जयकारे

हिसार। श्री पंचमुखी बालाजी चौधरी वास धाम के महंत पूज्य गुरुवर पवन कुमार जोशी भाईजी के सानिध्य में 17 अक्टूबर को अग्रसेन भवन में सातवां विशाल श्री सुंदरकांड पाठ व भव्य रात्रि जागरण आयोजित किया जाएगा। सोनू भाई जी व मोनू भाई जी की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद सेवादार संजय डालमिया ने बताया कि 17 अक्टूबर को श्रद्धालु नागौरी गेट स्थित हनुमान मंदिर से सैकड़ों केसरिया ध्वजाएं लेकर गाजे-बाजे के साथ अग्रसैन भवन पहुंचेंगे। कार्यक्रम के दौरान बाबा का अलौकिक श्रृंगार, अखंड ज्योत, सवामणी व पवन भोग और प्रसिद्ध भजन गायकों द्वारा भजनों की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण रहेगी। अंत में विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें धाम ट्रस्ट के सदस्य सेवाएं देंगे।

अभाविप ने किया प्रदर्शन, थाली-चम्मच बजाकर खींचा प्रशासन का ध्यान

शोधार्थियों की मांगों पर निर्णय नहीं तो प्रांत स्तर पर होगा आंदोलनः अत्री

यूआरएफ और पीएचडी शुल्क में कटौती की मांग पर आंदोलन जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार



हिसार। प्रदर्शन करते अभाविप के पदाधिकारी व सदस्य।

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में लंबित शोधार्थी निधि (यूआरएफ) तथा पीएचडी शुल्क में कटौती की मांग को लेकर चल रहे शोधार्थियों के धरने के समर्थन में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गुरुवार को लगातार दूसरे दिन प्रदर्शन किया। अभाविप कार्यकर्ताओं ने थाली-चम्मच बजाकर विश्वविद्यालय प्रशासन का ध्यान शोधार्थियों की लंबित मांगों की ओर आकर्षित किया।

अभाविप ने मांग की कि पात्र शोधार्थियों को प्रवेश तिथि से यूआरएफ का लाभ दिया जाए, पीएचडी जमा कर चुके पात्र शोधार्थियों की लंबित राशि जारी की जाए तथा पीएचडी शुल्क में आवश्यक कटौती की जाए। अभाविप जीजेयू अध्यक्ष कमलदीप अत्री ने कहा कि शोधार्थी लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर धरने पर बैठे हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन को उनकी मांगों पर शीघ्र निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि मांगों का समाधान नहीं हुआ तो अभाविप इस मुद्दे को प्रांत स्तर पर उठाएगी और आंदोलन को आगे बढ़ाया जाएगा। नगर सह मंत्री तरुण जांगड़ा ने कहा कि शोधार्थियों पर लगातार बढ़ रहा आर्थिक बोझ उनके शोध कार्य को प्रभावित कर रहा है। विश्वविद्यालय प्रशासन को शोधार्थियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए लंबित मांगों का शीघ्र समाधान करना चाहिए।

प्रदर्शन के दौरान जिला मीडिया संयोजक मोहित शर्मा, करण यादव, दीपांशु, दीपक, मोहित, मनीष, गर्वित और हरदीप अत्री सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गुजवि में रिसर्च स्कॉलर्स का धरना जारी, वार्ता फिर विफल

छात्र संगठनों और कांग्रेस नेताओं ने दिया समर्थन, सुपरवाइजरों पर दबाव बनाने के प्रयास का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में अपनी विभिन्न मांगों को लेकर रिसर्च स्कॉलर एसोसिएशन का धरना गुरुवार को चौथे दिन भी जारी रहा। चौथे दिन विश्वविद्यालय प्रशासन और शोधार्थियों के प्रतिनिधियों के बीच हुई वार्ता भी किसी ठोस समाधान तक नहीं पहुंच सकी। शोधार्थियों का कहना है कि उनकी मांगों पर अभी तक कोई उचित निर्णय नहीं लिया गया है, जिसके चलते आंदोलन जारी रखा जाएगा। शोधार्थियों ने आरोप लगाया कि गुरुवार सुबह विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से धरने पर बैठे शोधार्थियों के सुपरवाइजरों को फोन कर उन पर दबाव बनाने का प्रयास किया गया। इसके विरोध में शोधार्थियों ने रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने बैठकर नारेबाजी की और अपना विरोध दर्ज कराया। इसके बाद प्रशासन और रिसर्च स्कॉलर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता हुई, लेकिन मांगों पर सहमति नहीं बन सकी। धरने के चौथे दिन विभिन्न छात्र संगठनों और राजनीतिक संगठनों के प्रतिनिधि धरना स्थल पर पहुंचे। सुबह आईएनएसओ, डीएससी छात्र संगठन, पीएसएफ और एबीवीपी के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर शोधार्थियों की मांगों का समर्थन किया। डासफी, ओबीसी छात्र संगठन और एनएसयूआई के प्रतिनिधि भी लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। कांग्रेस की ओर से सुबह कृष्ण सातरोड़ धरना स्थल पर पहुंचे। इसके बाद दोपहर में विधायक जस्सी पेटवाड़, विधायक नरेश सेलवाल और विधायक देवेन्द्र हंस ने भी शोधार्थियों का समर्थन किया।

दो शोधार्थी भूख हड़ताल पर

रिसर्च स्कॉलर एसोसिएशन के अनुसार शोधार्थी संजू बौद्ध लगातार चार दिन से भूख हड़ताल पर बैठे हैं। वहीं छात्र नेता विकास बनभौरी ने भी गुरुवार से भूख हड़ताल पर बैठने का प्रण लिया है। दिनभर विभिन्न छात्र संगठनों, सामाजिक संगठनों और राजनीतिक प्रतिनिधियों के धरना स्थल पर पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय प्रशासन से मांग की कि शोधार्थियों की मांगों पर जल्द सकारात्मक और लिखित निर्णय लिया जाए। एसोसिएशन ने स्पष्ट किया कि जब तक उनकी मांगों का उचित और ठोस समाधान नहीं होता, तब तक धरना जारी रहेगा।



चिकित्सा आचार संहिता, सेवा और समर्पण की शपथ दिलाई

अग्रोहा मेडिकल कॉलेज में नए छात्रों की व्हाइट कोट व ओथ सेरेमनी

हिसार। महाराजा अग्रसेन मेडिकल कॉलेज, अग्रोहा में नए शैक्षणिक सत्र के नवांगतुक विद्यार्थियों के लिए भव्य 'व्हाइट कोट सेरेमनी' एवं 'शपथ ग्रहण समारोह' का आयोजन किया गया। इस गरिमामय समारोह में पूर्व राज्यसभा सांसद एवं प्रख्यात सैन्य चिकित्सक लेफ्टिनेंट जनरल डॉ. डीपी वत्स मुख्य अतिथि रहे, जबकि संस्थान के निदेशक डॉ. करनदीप सिंह, प्रशासनिक सलाहकार डॉ. एनए पंडित तथा पैरामेडिकल निदेशक डॉ. आशुतोष शर्मा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं अन्य गणमान्य अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।समारोह के दौरान नवांगतुक विद्यार्थियों को चिकित्सा पेशे के प्रतीक स्वरूप पारंपरिक सफेद कोट पहनाकर उनका औपचारिक स्वागत किया गया और उन्हें चिकित्सा आचार संहिता, सेवा व समर्पण की शपथ दिलाई गई। मुख्य अतिथि जनरल डॉ. डीपी वत्स ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफेद कोट केवल एक वस्त्र नहीं, बल्कि यह विश्वास, दया, त्याग और मानवता के प्रति अटूट निष्ठा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि चिकित्सा सेवा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि मानव सेवा का सबसे पवित्र संकल्प है, इसलिए भावी डॉक्टरों को तकनीकी ज्ञान और कौशल के साथ-साथ अपने भीतर मानवीय संवेदनाओं व नैतिक मूल्यों को हमेशा जीवित रखना चाहिए। समारोह के कुशल प्रबंधन व संचालन में आयोजन समिति के सदस्य डॉ. दलबीर कौर, डॉ. शालिनी वीरानी और डॉ. हरीश अग्रवाल की मुख्य भूमिका रही।

क्विज में डीएन कॉलेज की टीम तेजस प्रथम

हिसार। दयानंद महाविद्यालय के वाणिज्य, प्रबंधन, अर्थशास्त्र एवं कंप्यूटर विज्ञान विभागों की ओर से विद्यार्थियों के ज्ञानवर्धन और बौद्धिक क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय की छह टीमों ने भाग लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद टीम तेजस ने प्रथम स्थान हासिल किया, जबकि टीम पृथ्वी दूसरे स्थान पर रही। प्रतियोगिता में प्रबंधन, वाणिज्य, अर्थशास्त्र एवं कंप्यूटर विज्ञान विषयों से संबंधित प्रश्नों के साथ-साथ समसामयिक घटनाओं पर आधारित प्रश्न पूछे गए। प्रश्नों के माध्यम से विद्यार्थियों के विषयगत ज्ञान, सामान्य जागरूकता, त्वरित निर्णय लेने की क्षमता और तार्किक सोच का परीक्षण किया गया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली टीम तेजस में बीए द्वितीय की दीपिका, बीबीए तृतीय की आंचल, बीकॉम तृतीय की तनिक्षा, बीसीए द्वितीय के राहुल, बीबीए प्रथम के योगेश और बीकॉम तृतीय वर्ष के केशव शामिल रहे।

एआरएम के आदमपुर दौरे पर पंचायत और संगठनों ने सौंपा मांगों का ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आदमपुर

जवाहर नगर ग्राम पंचायत, आदमपुर जन संघर्ष समिति एवं मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट ने गुरुवार को उत्तर रेलवे के सहायक प्रबंधक राजेंद्र चौधरी के आदमपुर रेलवे स्टेशन पर पहुंचने पर उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस दौरान जनप्रतिनिधियों व पदाधिकारियों ने अधिकारियों को यात्रियों व स्थानीय निवासियों को हो रही समस्याओं से अवगत कराया और रास्ता दिलाने की प्रमुखता से मांग रखी। सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप ज्यानी, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रधान विनोद वर्मा तथा जन संघर्ष समिति के संजय सोनी द्वारा संयुक्त रूप से दिए गए ज्ञापन में बताया गया कि जवाहर नगर की आबादी 10,000 से अधिक है। प्रतिदिन हजारों की संख्या में विद्यार्थी, बुजुर्ग, महिलाएं, बच्चे और रेल यात्री जवाहर नगर से मंडी आदमपुर की तरफ आवागमन करते हैं।

रास्ता मांगा, समाधान का मिला आश्वासन

हालांकि, रेलवे विभाग द्वारा जवाहर नगर की लगभग सभी गलियों के आगे दीवार बना दी गई है, जिससे आवाजाही बंद हो गई है। इसके कारण आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और दुर्घटना का भय भी बना रहता है। ग्राम पंचायत एवं सामाजिक संगठनों ने अधिकारियों से मांग की कि रेलवे स्टेशन पर बनने वाले पैदलगामी (फुटओवर) पुल का विस्तार जवाहर नगर साइड तक किया जाए। फाटक नंबर 114 पर अंडरपास का निर्माण कराया जाए। गोल टंकी वाली गली से रेलवे स्टेशन के लिए 4 से 6 फुट का रास्ता दिया जाए। ज्ञापन लेने के बाद उत्तर रेलवे के सहायक प्रबंधक राजेंद्र चौधरी ने कहा कि यह समस्या विभाग के संज्ञान में है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जवाहर नगर साइड तक पैदलगामी पुल बनाने, फाटक नंबर 114 पर अंडरपास का निर्माण करने तथा रास्ता देने से जुड़े विषयों पर विभाग जल्द उचित फैसला लेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि इन कार्यों को अमलीजामा पहनाने के लिए हरियाणा सरकार के सहयोग की भी आवश्यकता रहेगी। इस अवसर पर रेलवे सलाहकार समिति के सदस्य कृष्ण गर्ग, सरपंच प्रतिनिधि कुलदीप जयानी, मानव कल्याण सेवा ट्रस्ट के प्रधान विनोद वर्मा, जन संघर्ष समिति के प्रधान संजय सोनी, सरपंच सीमा गोदारा, जिला परिषद सदस्य कमलेश मल्होत्रा, राम बक्स पोपली, साधु बेनीवाल, राजेंद्र शर्मा, श्याम सुंदर शर्मा, मुंशी राम, विनोद राठौड़, रवि ग्रोवर, महेंद्र वर्मा सहित कई रेलवे अधिकारी व पुलिस कर्मचारी उपस्थित रहे।



डीएन कॉलेज ने जिला योगासन चैंपियनशिप में जीते कई पदक

हिसार। दयानंद महाविद्यालय आयोजित छठी जिला योगासन स्पोर्ट्स चैंपियनशिप-2026 में डीएन कॉलेज के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण, रजत और कांस्य पदक हासिल किए। प्रतियोगिता में जिले के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। चैंपियनशिप में डीएन कॉलेज के राजकुमार ने आर्टिस्टिक पेयर और रिदमिक पेयर स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक जीते। अमन ने भी रिदमिक पेयर और आर्टिस्टिक सिंगल स्पर्धाओं में दो स्वर्ण पदक हासिल किए। विक्की ने आर्टिस्टिक सिंगल में रजत पदक प्राप्त किया, जबकि अमित ने रिदमिक पेयर में रजत और ट्रेडिशनल स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर कॉलेज के प्राचार्य डॉ. विक्रमजीत ने सभी पदक विजेताओं को बधाई दी। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष सुरजीत कौर, डीएसडब्ल्यू मंजीत सिंह, डॉ. जगबीर सिंह और मिस अंतिम ने भी पदक विजेता विद्यार्थियों को बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

रक्षा मंत्रालय की टीम ने खारा खेड़ी के सैनिक स्कूल का किया निरीक्षण

शैक्षणिक ब्लॉक, लैब, मैस, प्रशिक्षण क्षेत्रों और छात्रावासों का लिया जायजा



हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

सैनिक स्कूल सोसायटी रक्षा मंत्रालय भारत सरकार की ओर से सैनिक स्कूल कुंजपुरा की उपप्रधानाचार्या लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने दो अन्य अधिकारियों की एक टीम के साथ सैनिक स्कूल खारा खेड़ी का त्रैमासिक निरीक्षण किया। स्कूल निदेशिका डॉ. ज्योत्स्ना एवं स्कूल प्रशासक विक्रमादित्य द्वारा स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया गया।

स्कूल कमांडेंट कर्नल (डॉ.) डीवी नेहरा द्वारा स्कूल की गतिविधियों के बारे में उन्हें पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से जानकारी दी गई। इसके बाद अधिकारियों की टीम ने स्कूल के विभिन्न हिस्सों जैसे शैक्षणिक ब्लॉक, प्रयोगशालाओं, प्रशिक्षण क्षेत्रों, छात्रावासों और कैडेट्स मैस आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल के सभी दस्तावेजों का निरीक्षण किया एवं विद्यालय परिसर में निर्माणाधीन नए छात्रावास भवन का भी गहन निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट कर्नल शैलजा डोगरा ने न्यू सैनिक स्कूल द्वारा अपने अल्पकालीन अस्तित्व में शैक्षणिक, सह-शैक्षणिक एवं प्रशासनिक सभी क्षेत्रों में प्रदर्शित उत्कृष्ट प्रगति की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

विद्यालय की सुव्यवस्थित कार्यप्रणाली, अनुशासन, आधारभूत संरचना एवं भविष्य की योजनाओं से वे अत्यंत प्रभावित हुई। स्कूल चेयरमैन डॉ. युद्धवीर सिंह ने स्कूल के सफलतापूर्ण निरीक्षण के लिए सभी अध्यापकों, प्रशिक्षकों व कैडेट्स को बधाई दी।

नेशनल लॉन टेनिस टूर्नामेंट के लिए भाविक गर्ग का चयन

हिसार। आरएन पब्लिक स्कूल की कक्षा 9 के छात्र भाविक गर्ग का चयन राष्ट्रीय स्तर के लॉन टेनिस टूर्नामेंट के लिए हुआ है। 12 अक्टूबर को होने वाले इस राष्ट्रीय टूर्नामेंट में भाविक जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।



इस बार राष्ट्रीय लॉन टेनिस टूर्नामेंट में हिसार से चयनित होने वाले भाविक एकमात्र खिलाड़ी हैं। 14 वर्षीय भाविक पिछले करीब छह वर्षों से टेनिस खेल रहे हैं। टेनिस के प्रति उनका रुझान अपने आवासीय परिसर में स्थित टेनिस कोर्ट पर खेलते हुए विकसित हुआ। वर्तमान में वह इंपीरियल कॉलेज में कोच प्रशांत और साहिल के मार्गदर्शन में नियमित प्रशिक्षण ले रहे हैं। भाविक ने इससे पहले दिल्ली, जींद, जयपुर, रामनगर और सोनपत सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया है।



वॉलीबाल में महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज की टीम ने जीता खिताब

अंतर-महाविद्यालय स्पर्धा में किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, भिवानी रोहिल्ला में गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के तत्वावधान में अंतर-महाविद्यालय वॉलीबाल प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। फाइनल मुकाबले में कड़े संघर्ष के बाद महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, भिवानी रोहिल्ला की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। सीआरएम जाट कॉलेज की टीम ने द्वितीय तथा फतेहचंद महिला महाविद्यालय की टीम ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में गुरु गोरखनाथजी गवर्नमेंट कॉलेज, हिसार, सी.आर.एम. जाट कॉलेज, हिसार, फतेहचंद महिला महाविद्यालय, हिसार, ओडीएम कॉलेज, मुकलान, गवर्नमेंट कॉलेज, मंगाली तथा मेजबान महारानी लक्ष्मीबाई कॉलेज, भिवानी रोहिल्ला की टीमों ने भाग लिया। महाविद्यालय के चेयरमैन भारत भूषण प्रधान ने खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। महाविद्यालय की डायरेक्टर डॉ. नीलम प्रभा ने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना को मजबूत करती हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शमीम शर्मा ने विजेता टीम सहित सभी प्रतिभागी खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट में बच्चों ने दिखाई रचनात्मक प्रतिभा

हिसार। अणुव्रत समिति द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित किए जाने वाले अणुव्रत क्रिएटिविटी कॉन्टेस्ट के अंतर्गत इस वर्ष भी विभिन्न रचनात्मक एवं प्रेरणादायी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विनोद जैन द्वारा अणुव्रत गीत से हुआ। इसी क्रम में तेरापंथ भवन, कटला रामलीला मैदान में अणुव्रत क्रिएटीविटी कॉन्टेस्ट 2026 के अंतर्गत राज्य स्तरीय ड्राइंग, निबंध, भाषण, कविता, एकल गायन, समूह गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी कल्पनाशीलता, कलात्मक अभिव्यक्ति एवं प्रभावशाली कला का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों ने परिवार के महत्व, संस्कारों तथा सामाजिक मूल्यों को अपनी चित्रकला और भाषणों के माध्यम से प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। इस अवसर पर अणुव्रत समिति के अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल, डॉ. सुरेंद्र मिश्रा, डॉ. सतेंद्र यादव, जयभगवान लाडवाल आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005

स्टैनफोर्ड विवि की 2026 की सूची में मिली पहचान

गुजवि के 11 शिक्षक व शोधकर्ता विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल

- एल्जीवियर डाटा रिपॉजिटरी के शोध एवं उद्धरण संबंधी आंकड़ों के आधार पर हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय ने शोध के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के 11 शिक्षक एवं शोधकर्ता वर्ष 2026 में विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की प्रतिष्ठित सूची में शामिल हुए हैं। यह सूची अमेरिका के स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा शोध प्रभाव और शोध-पत्रों के उद्धरण के आधार पर तैयार की गई है। कुलपति प्रो. विजय कुमार ने सभी शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को इस उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वविद्यालय के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने बताया कि स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा जारी विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों की सूची में विभिन्न वैज्ञानिक क्षेत्रों एवं उप-क्षेत्रों में शोधकर्ताओं के शोध प्रभाव का मूल्यांकन किया जाता है। इसके लिए एल्जीवियर डाटा रिपॉजिटरी के आधार पर शोध और उद्धरण संबंधी आंकड़ों का विश्लेषण किया जाता है। सूची में उन वैज्ञानिकों को स्थान दिया जाता है, जिनके शोध-पत्रों का व्यापक स्तर पर उद्धरण हुआ है और जिनका अपने-अपने शोध क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रभाव रहा है। कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने भी सभी शिक्षकों एवं शोधकर्ताओं को बधाई दी।

इन शिक्षकों को मिली वैश्विक पहचान

वर्ष 2026 की प्रतिष्ठित सूची में प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. महेश कुमार, प्रो. जय देवी, प्रो. कश्मीरी लाल, प्रो. अश्वनी कुमार, प्रो. दिनेश ढींगड़ा, डॉ. राकेश कुमार सिंधु, डॉ. रेखा राव, प्रो. आशीष अग्रवाल, डॉ. नवनीधि छिकारा और प्रो. भूपेंद्र सिंह शामिल हैं। इनमें प्रो. नीरज दिलबागी, प्रो. महेश कुमार, प्रो. जय देवी, प्रो. कश्मीरी लाल, प्रो. अश्वनी कुमार, प्रो. दिनेश ढींगड़ा, डॉ. राकेश कुमार सिंधु, डॉ. रेखा राव, प्रो. आशीष अग्रवाल और प्रो. भूपेंद्र सिंह ने करियर-दीर्घकालिक सूची में भी स्थान प्राप्त किया है।



ओएसजीयू में हुआ सी-कैट

हिसार। ओम स्टर्लिंग ग्लोबल विश्वविद्यालय अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों की एम्प्लॉयबिलिटी के लिए 'स्टूडेंट कॉम्पिटेंसी एंड एप्टीट्यूड टेस्ट' (सी-कैट 2026) का आयोजन हुआ। प्रतियोगिता के आयोजन पर विश्वविद्यालय के चांसलर डॉ. पुनीत गोयल व प्रो चांसलर डॉ. पूनम गोयल ने खुशी जाहिर की एवं विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धी दौर में केवल सैद्धांतिक ज्ञान ही पर्याप्त नहीं है। विद्यार्थियों को कॉरपोरेट जगत की जरूरतों के अनुसार तैयार करने के लिए ऐसे एप्टीट्यूड और कॉम्पिटेंसी टेस्ट बेहद जरूरी हैं। उन्होंने परीक्षा में शामिल सभी विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। 120 मिनट की अवधि वाले इस कंप्यूटर आधारित टेस्ट में कुल 84 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विश्वविद्यालय के ग्रुप सीईओओ एंड प्रोवोस्ट डॉ अजय कुमार पोद्दार एवं कुलपति प्रो. एनपी कौशिक ने विद्यार्थियों से मुलाकात की और प्रेरित करते हुए कहा कि सी-कैट जैसी परीक्षाएं विद्यार्थियों की वास्तविक क्षमता को परखने और उन्हें उद्योग जगत की करियर चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार करने में अहम भूमिका निभाती हैं।